समेकित परती भूमि विकास परियोजना

719. श्री आस मोहम्मद:
श्री ईश दत्त यादव:

क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने समेकित परती भूमि विकास योजना के अंतर्गत शुरू किए गए विभिन्न कार्यक्रमों की सफलता के लिए लोगों से इसमें भाग लेने के लिए कहा है;

(ख) यदि हां, तो गत तीन वर्षों के दौरान लोगों की भागीदारी से किए गए कार्यों का ब्यौरा क्या है; और

(ग) इस संबंध में प्राप्त सफलता का ब्यौरा क्या है?

ग्रामीण क्षेत्र और रोजगार मंत्रालय (परती भूमिक विकास विभाग) में राज्य मंत्री (कर्नल राम सिंह): (क) से (ग) बंजभूमि विकास विभाग, ग्रामीण क्षेत्र एंव रोजगार मंत्रालय समेकित बंजरभूमि विकास परियोजना स्कीम कार्यान्वित कर रहा है क्यों समेकित परती भूमि विकास परियोजना नामक कोई योजना नहीं है, योजना के उद्देश्य ये हैं:—

1. लकड़ी और गैर-लकड़ी वाले वन उत्पादों विशेषकर ईंधन की लकड़ी और चारे की उपलब्धता में वृद्धि करना।

2. समाज के अत्यन्त जरूरतमंद वर्गों विशेषकर अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों के लोगों तथा भूमिहीन ग्रामीण मजदूरों के लिए रोजगार सृजन करना।

3. ग्रामस्तरीय कार्ययोजनायें तैयार करने तथा बंजरभूमि विकास कार्यक्रम के कार्यान्वयन हेतु सूक्ष्म-स्तलीय-आयोजना पद्धति प्रदर्शित करना।

4. समस्या वाली विभिन्न प्रकार की भूमि में प्रमाणित प्रौद्योगिकियों का विस्तार करना तथा इनका प्रचार-प्रसार करना।

5. विभिन्न तंत्रों के जरिए बंजरभूमि विकास कार्यक्रम के सभी चरणों में लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करना ताकि मध्यम अवधि और अंतिम वन उत्पादों का समान वितरण सुनिश्चित हो सके।

6. भूमि के निम्नीकरण को रोकना।

7. लोगों के हित में सततता और पर्यावरण संरक्षण के व्यापक उद्देश्यों को पूरा करना।

समेकित बंजरभूमि विकास परियोजना स्कीम के अंतर्गत भूमि पर आधारित विभिन्न गतिविधियां जैसे वनरोपण, वन्य-चारागाह विकास, चारागाह विकास, बागवानी, बीजांकुरों का वितरण, सीटू भूमि पर ईंधन की लकड़ी की बचत करने वाले यंत्रों का वितरण तथा नमी संरक्षण, जन जागृति करना आदि चलाई जाती है। समेकित बंजरभूमि विकास परियोजना योजना के तहत स्वीकृत की जाने वाली सभी परियोजनायें स्थानीय समुदायों के साथ सक्रिय सलाह-मशविरा करके विस्तृत सूक्ष्म स्तरीय आयोजना के पश्चात् स्वीकृत की जाती हैं। इस योजना के अन्तर्गत जुलाई, 1992 जब इस नये विभाग की स्थापना की गई थी, से लेकर अब तक बंजरभूमि विकास विभाग ने 128 परियोजनायें मंजूर की हैं। परियोजना को कार्यरूप देने, प्रबंधन करने तथा इसके भोगाधिकार में लोगों को शामिल किया जाता है। इस परियोजना की निगरानी और मूल्यांकन नियमित आधार पर किया जा रहा है। निगरानी और मूल्यांकन रिपोर्टों के विश्लेषण से यह कहा जा सकता है कि:

(क) समेकित बंजरभूमि विकास परियोजना स्कीम के अंतर्गत परियोजनायें प्रायः सूखे की परिस्थिति वाली अत्यधिक निम्नीकृत भूमि पर विविध कृषि जलवायु की परिस्थिति वाले जिलों में कार्यान्वित की जा रही हैं। इस प्रकार से इन परियोजनाओं की भौतिक प्रगति एक समान नहीं है।

(ख) कार्यान्वित किये जाने वाले कार्य की प्रगति कुल मिलाकर संतोषजनक है।

(ग) कुल मिलाकर इन परियोजनाओं में वाटरशैड नीति अपनाई गई है हालांकि इसमें कुछ सुधार करने की गुंजाइश हो सकती है।

(घ) लोगों की भागीदारी कहीं बहुत उत्साहवर्धक है और कहीं संतोषजनक है।

(ङ) घास के रूप में ग्रामीण लोगों को मिलने वाले भोगाधिकार का प्रवाह संतोषजनक है।

Additional Grant* to Kidwai Institute of Oncology, Bangalore

*720. SHRI B.K. HARIPRASAD: Will the PRIME MINISTER be pleased to state:

(a) whether any request has been received from the Government of Karnataka for additional grants to Kidwai Institute of Oncology, Bangalore for installation of Cobalt Machines, Low Energy Accelerator and Spect Gamma Camera;

(b) whether it is a fact that the institute being one of the specialised centres pffering cancer treatment and research in the field of Oncology, caters to the patients from the adjoining States in good numbers; and

(c) whether it is also a fact that despite financial constrain the Government of Karnataka has been meeting a major part of the Institute's yearly outlays and if so. whether the Centre would consider enhancing the grant to enable the institute to undertake its expansion projects?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HEALTH AND FAMILY WELFARE (DR. C. SILVERA): (a) Yes, Sir.

(b) and (c) Kidwai Memorial Institute of Oncology, Bangalore is one of the Regional Cancer Centres. During the year 1995-96 a provision of Rs. 50.00 lakhs has been made for the Institute in the Central budget to supplement the resources provided by the State Government.

Demand of Optical Glass in BARC

7248. SHRI JIBON ROY: Will the PRIME MINISTER be pleased to state:

(a) the demand of the optical glass in the Bhabha Atomic Research Centre (BARC) during the years 1993-94 and 1994-95;

(b) the details of the suppliers;

(c) the figure received from suppliers during the years 1993-94 and 1994-95, separately; and

(d) the quantity of optical glass received by the BARC against their demand during the years 1993-94 and 1994-95?

THE MINISTER OF STATE IN THE PRIME MINISTER'S OFFICE (SHRI BHUVNESH CHATURVEDI): (a) The demand for optical glass by the Bhabha Atomic Research Centre (BARC) during the years 1993-94 and 199435- were approximately 1.00 tonne and 0.7 tonne respectively.

(b) Bharat Opthalmic Glass Limited, Durgapur (BOGL).

(c) and (d) The quantities of optical glass indented by BARC for supply by Bharat Opthalmic Glass Limited in 1993-94 and 1994-95 were approximately 1.0 tonne and 0.7 tonne respectively and the supply is being effected in batches.

यूरेनियम का उत्पादन

7249. श्री अजीत जोगी: क्या प्रधान मंत्री 16 मार्च, 1995 को राज्य सभा में अतारांकित प्रश्न 591 के दिये गये उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या देश में यूरेनियम का उत्पादन अपर्याप्त है;

(ख) यदि हां, तो स्वदेशी स्रोतों से संवर्धित यूरेनियम की कितने प्रतिशत मांग पूरी होती है;

(ग) कितने प्रतिशत स्वदेशी उत्पादन का रिकार्ड नहीं रखा जाता है; और

(घ) क्या अमरीका, फ्रांस और कनाडा ने परमाणु विद्युत संयंत्रों के लिए संवर्धित यूरेनियम की आपूर्ति करना बंद कर दिया है?

प्रधान मंत्री के कार्यालय में राज्य मंत्री (श्री भुवनेश चतुर्वेदी): (क) जी, नहीं। हमारे परमाणु विद्युत संयंत्रों—तारापुर परमाणु बिजलीघर को छोड़कर—में उपयोग में लाए जाने वाले प्राकृतिक यूरेनियम का पर्याप्त मात्रा में उत्पादन स्वदेश में ही किया जाता है।

(ख) तथा (ग) तारापुर परमाणु बिजलीघर अपने परिचालन के लिए कम समृद्ध यूरेनियम का उपयोग करता है जिसका उत्पादन स्वदेश में नहीं किया जाता है।

(घ) तारापुर परमाणु बिजलीघर के लिए कम समृद्ध यूरेनियम की सप्लाई सन् 1969 से 1980 तक अमरीका ने और सन् 1983 से 1993 तक फ्रांस ने की थी।

Army Establishment Inside Red Fort

7250. SHRI NYODEK YONGGAM: Will the PRIME MINISTER be pleased to state:

(a) whether Government have any plan to review the decision to have, the army